है जिनमें गत तीन महीनों में हड़ताल और तालाबन्दी की गई ;

(ख) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) कानपुर में बन्द पड़ी कपड़ा मिलों को पुनः चालू करन के लिए क्या कार्यवाही की जा रही हैं ?

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : (क) जून से अगस्त, 1978 तक की अवधि के दौरान पटसन, कपड़ा और इंजीनियरिंग उद्योगों में हड़ताल तथा तालाबन्दियों की संख्या संबंधी विवरण संलग्न है।

(ख) पटसन, कपड़ा और इंजीनियरिंग उद्योगों के संबंध में समुचित सरकारें राज्य सरकारें हैं । राज्य सरकारें और केंद्रीय सरकार औद्योगिक संबंध तंत्र की सहायता से इन उद्योगों में तथा सम्पूर्ण देश में औद्योगिक संबंध के वातावरण में सुधार करने के प्रयास कर रही है । जहां आवश्यक होता है, सरकारें, समझौता कराने के लिए विवादों में मध्यस्थता कर रही हैं ।

(ग) जे० के० मैन्यूफक्चर्स (कैलास मिल्स) वित्तीय कठिनाइयों के कारण 1-10-76 को बन्द हुई और कानपुर में बन्द पड़ी केवल यही एक काटन टैक्सटाइल मिल है । बन्द पड़ी सिकूर मिल्स के बारे में उपचारी कार्यवाही का उल्लेख 15-5-78 को संसद में उद्योग मंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य में किया गया है । इस मिल के संबंध में इस नीति वक्तव्य के अनुसार शीघ्र कार्यवाही की जा रही है ।

**विवरण**

जून से अगस्त, 1978 के दौरान पटसन, कपड़ा और इंजीनियरिंग उद्योगों में हड़तालों और तालाबंदियों की संख्या संबंधी विवरण (*) ।

| उद्योग का नाम | हड़तालों की संख्या | तालाबंदियों की संख्या |
|---|---|---|
| पटसन | 2 | 11 |
| पटसन को छोड़कर टैक्सटाइल | 97 | 9 |
| इंजीनियरिंग | 84 | 47 |

(*) अनंतिम । श्रम ब्यूरो में 15-11-78 तक प्राप्त रिपोर्टों पर आधारित ।

**Shakarpur Delivery Post Office**

1613. SHRI RAJE VISHVESHVAR RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Shakarpur delivery post office was opened last year on the demand of the residents of that area;

(b) whether Residents' Welfare Association in several communications suggested improvement regarding the provision of telephone connection, P.C.O. and increase in the staff to step up the efficiency; and

(c) if so, the steps being taken to remove the grievances of the area?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) The Shakarpur post office was converted into a delivery sub office with effect from 1-9-77 on demand from several residents' Welfare Associations of that locality.

(b) No representation has been received regarding provision of telephone connection/public Call Office. The additional staff found justified for the post office has already been sanctioned.

(c) Question does not arise.